# शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, माधवपुरम– मेरठ

(चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (द्वितीय इकाई)

## वार्षिक आख्या (सत्र–2020–21)

प्राचार्य

डॉ० दिनेशचन्द

कार्यक्रम अधिकारी

डॉ० मंजू रानी

सहायक प्रोफेसर (शिक्षा विभाग)

# शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# माधवपुरम मेरठ

राष्ट्रीय सेवा योजना ( द्वितीय इकाई) सत्र 2020 –21

महाविद्यालय स्तरीय गठित समिति

1. संरक्षिका – प्रो0 (डॉ0) दिनेशचन्द

2. कार्यक्रम अधिकारी– डॉ0 मंजू रानी ( बी.एड.)

3. सदस्य –

- डॉ0 मोनिका चौधरी
- डॉ0 अलका चौधरी
- डॉ0 जितेंद्र बालियान
- डॉ0 राजकुमार
- डॉ0 अरविंद कुमार

4. सात दिवसीय विशेष शिविर स्थल – राष्ट्रीय इंटर कॉलेज नूर नगर ग्राम लिसाड़ी मेरठ

5. प्रधानाचार्य – श्री संजीव नागर

6. शिविर तिथि – 17 फरवरी 2021 से 24 फरवरी 2021 तक

7. शिविर काल – प्रातः 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक

8. शिविर में उपस्थित स्वयं सेविकाओं की संख्या – 50

9. शिविर में निर्मित स्वयं सेविकाओं की टोली ओं की संख्या –05

10.शिविर में टोली नायकों की संख्या –05

11.अधिग्रहित ग्राम – नूर नगर मेरठ

12. प्रथम सत्र का काल(क्रियाविधि सत्र)–प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक

13. भोजन सत्र – दोपहर 12:30 बजे से 1:30 तक

14. द्वितीय सत्र का काल( व्याख्यान सत्र)–दोपहर 1:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक

15. शिविर का उद्घाटन सत्र – दिनांक 17 फरवरी 2020

मुख्य अतिथि– डॉ दिनेशचन्द (प्राचार्य) शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ

16. शिविर का समापन सत्र – दिनांक 24 फरवरी 2020

मुख्य अतिथि–डॉ रेखा रानी तिवारी( प्राचार्य) राजकीय महाविद्यालय खरखोदा, मेरठ

<u>शिविर के उद्देश्य –</u>

- स्वच्छता अभियान
- जल एवं पर्यावरण संरक्षण
- श्रमदान
- स्वास्थ्य सुरक्षा
- समसामयिक उपयोगिता
- मिशन शक्ति
- चौरी–चौरा 100 समारोह
- सड़क सुरक्षा सप्ताह
- साइबर सुरक्षा
- रोजगार के अवसर

# शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ

## राष्ट्रीय सेवा योजना (द्वितीय इकाई)

## वार्षिक आख्या– सत्र 2020–21

"सभी शक्तियां आपके अंदर है और आप कुछ भी या सब कुछ कर सकते हैं"– स्वामी विवेकानंद

इसी वाक्य पर आधारित युवा छात्रों की अंतर्निहित शक्तियों के विकास हेतु महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयां कार्यरत हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई में 100 सीटों के सापेक्ष वर्ष 2020 – 21 में भी 100 सीटों पर छात्राओं के पंजीकरण कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजू रानी(बी0एड0) के कुशल निर्देशन तथा प्राचार्य प्रो0 (डॉ) दिनेश चंद के संरक्षण में माह नवंबर 2020 में विश्वविद्यालय के पत्र संख्या– 104/ 02/ राष्ट्रीय सेवा योजना/849 दिनांक– 27/11/2020 के अनुपालन में प्रारंभ किए गए। पंजीकरण महाविद्यालय की समस्त स्नातक व परास्नातक कक्षाओं से किए गए। वर्ष भर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सामान्य एवं विशिष्ट गतिविधियों के अतिरिक्त समय–समय पर शासन द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों को भी कराया गया ।

### एक दिवसीय शिविर

दिनांक 21 जनवरी 2020 को इकाई का प्रथम एक दिवसीय शिविर महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। शिविर में सभी छात्राओं ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजू रानी के दिशा निर्देशन में समिति के अन्य सदस्यों के साथ महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया और श्रमदान किया।

दिनांक 25 जनवरी 2021 को इकाई का दूसरा एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं द्वारा महाविद्यालय प्रांगण के अंदर क्यारियों का निर्माण किया गया और क्यारियों के चारों ओर ईंटें लगाई गई, इसके अतिरिक्त

जिला स्वास्थ्य कार्यालय एवं मंडलीय कोविड–19 जांच केंद्र द्वारा कोविड–19 जांच शिविर में सभी स्वयं सेविकाओं ने निशुल्क कोरोना जांच कराई।
इसके साथ ही छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली और कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजू रानी ने सभी छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई।

दिनांक 29 जनवरी 2021 को छात्राओं ने इकाई के तीसरे एक दिवसीय शिविर में महाविद्यालय में श्रमदान किया, जिसमें उन्होंने महाविद्यालय प्रांगण में झाड़ू लगाया, क्यारियां साफ की, पौधे लगाए और पौधों को पानी दिया। इसके पश्चात डॉ अलका चौधरी एवं डॉ मंजू रानी द्वारा सभी छात्राओं को कोरोना वैक्सीन के बारे में जानकारी दी, साथ ही छात्राओं को आगामी गतिविधियों व राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बताया।।

दिनांक 13 फरवरी 2021 को इकाई का चौथा एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया जिसमें छात्राओं ने मिशन शक्ति पर पोस्टर बनाकर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया तथा नारी सशक्तिकरण व स्वावलंबन विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजू रानी द्वारा महिला सुरक्षा एवं अधिकार की शपथ दिलाई गई।

## सात दिवसीय विशिष्ट शिविर

विशिष्ट गतिविधियों के अंतर्गत दिनांक 17 फरवरी से 23 फरवरी 2021 तक द्वितीय इकाई का सात दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन राष्ट्रीय इंटर कॉलेज नूर नगर लिसाड़ी में प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक किया गया। छात्राओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिविर का आयोजन दिवसीय ही किया गया । साथ ही शासन ने भी कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए इस वर्ष सभी कॉलेजों को दिवसीय शिविर आयोजित करने के निर्देश जारी किए थे अतः शिविर के दौरान कोरोना वायरस से बचाव के विभिन्न सुरक्षा उपायों का प्रयोग किया गया एवं शासन द्वारा जारी गाइडलाइंस के अनुसार सामाजिक दूरी, मास्क एवं सैनिटाइजर का प्रयोग करने पर विशेष ध्यान दिया गया। सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन दिनांक 17 फरवरी को शिविर स्थल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज नूर नगर में प्रातः 11:00 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश चंद

एवं प्रधानाचार्य राष्ट्रीय इंटर कॉलेज श्री संजीव नागर के कर कमलों द्वारा किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, एवं लक्ष्यगीत का गायन किया तथा सफाई कर श्रमदान किया ।

शिविर के दूसरे दिन छात्राओं ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली तथा स्लोगन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इसके साथ ही डॉ जितेंद्र कुमार ने दैनिक जीवन में योग एवं शारीरिक श्रम का महत्व विषय पर व्याख्यान दिया और सभी स्वयं सेविकाओं को सरल योग अभ्यास करवाए।

दिनांक 19 फरवरी को शिविर के तीसरे दिन डॉ. लता कुमार ने मिशन शक्ति तथा डॉ. अनीता गोस्वामी ने चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव के विषय में छात्राओं को बताया।मिशन शक्ति विषय पर एक पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन भी कियाए जिसका विषय नारी स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण था।

दिनांक 20 फरवरी को डॉ मोनिका चौधरी एवं अलका चौधरी ने जल संरक्षण की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा छात्राओं ने प्राथमिक पाठशाला नूर नगर में साफ सफाई कर श्रमदान किया तथा वृक्षारोपण भी किया। छात्राओं ने नीम, तुलसी, एलोवेरा, अमरूद, जामुन, बरगद,तथा पीपल आदि के पेड़ लगाएं। दिनांक 21 फरवरी को शिविर के पांचवे दिन छात्राओं ने कोरोना वैक्सीन जागरूकता पर एक सर्वे किया तथा मास्क वितरित किए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजू रानी ने छात्राओं को रोजगार के अवसर एवं साइबर सुरक्षा के उपाय विषय पर व्याख्यान दिया ।दिनांक 22 फरवरी को शिविर के छठे दिन डॉ. नरेंद्र कुमार एवं डॉ. गीता चौधरी द्वारा पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भूमिका विषय पर व्याख्यान दिया गया । इसके पश्चात सभी छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। दिनांक 23 फरवरी को शिविर के सातवें दिन शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें डॉ रेखा रानी तिवारी, प्राचार्य– राजकीय महिला महाविद्यालय खरखोदा एवं प्राचार्य डॉ दिनेश चंद्र मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समूह नृत्य, एकल नृत्य, नाटक, अनुभव साझा, भाषण इत्यादि प्रस्तुत किए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजू रानी द्वारा शिविर की आख्या प्रस्तुत की गई।

सभी कार्यक्रमों एवं आयोजनों में कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजू रानी के साथ समिति के सभी सदस्य डॉ मोनिका चौधरी, डॉ अलका चौधरी, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. जितेंद्र कुमार, डी. राज कुमार एवं डॉ अरविंद कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त समय समय पर मिशन शक्ति एवं अन्य समसामयिक विषयों पर भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिता के परिणाम निम्न हैं–

1. पोस्टर प्रतियोगिता (दिनांक 13 फरवरी 2021) विषय– मिशन शक्ति
   प्रथम पुरस्कार– अंजली व नेहा सैनी
   द्वितीय पुरस्कार– उमा जोशी व ईशा गुप्ता
   तृतीय पुरस्कार– अमीषा
   सांत्वना पुरस्कार– नाजिया इमरान
2. स्लोगन प्रतियोगिता (दिनांक 18 फरवरी 2021) विषय–सड़क सुरक्षा सप्ताह
   प्रथम पुरस्कार–उमा जोशी
   द्वितीय पुरस्कार– अंशिका व नेहा सैनी
   तृतीय पुरस्कार– शिवानी सैनी व नेहा सैनी
   सांत्वना पुरस्कार– शगुन
3. स्लोगन प्रतियोगिता (दिनांक 19 फरवरी 2021) विषय– मिशन शक्ति
   प्रथम पुरस्कार– तनु चौधरी व अनुप्रिया
   द्वितीय पुरस्कार– नेहा सैनी, अंशिका व इंदु
   तृतीय पुरस्कार– अनम शाह व तानिया
   सांत्वना पुरस्कार– नेहा व शिवानी सैनी
4. पोस्टर प्रतियोगिता (दिनांक 19 फरवरी 2021) विषय– नारी स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण
   प्रथम पुरस्कार– संगीता
   द्वितीय पुरस्कार– विशाखा एवं शिवानी सैनी
   तृतीय पुरस्कार– कशिश व अनुष्का
   सांत्वना पुरस्कार– शगुन
5. मेहंदी प्रतियोगिता (दिनांक 22 फरवरी 2021)
   प्रथम पुरस्कार– विशाखा
   द्वितीय पुरस्कार– संगीता

तृतीय पुरस्कार – तानिया
सांत्वना पुरस्कार– खुशबू

6. **रंगोली प्रतियोगिता (दिनांक 23 फरवरी 2021)**

प्रथम पुरस्कार– संगीता तानिया रिया ( बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ)
द्वितीय पुरस्कार– तनु चौधरी छवि मोनिका अर्चना( सेव वाटर) एवं
सुरभि रमनदीप गुंजन नेहा( गो कोरोना)
तृतीय पुरस्कार– अंजलि( संविधान)
सांत्वना पुरस्कार– नेहा एवं प्रियंका( से नो टू प्लास्टिक)

7. **ऑन स्पॉट पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता (दिनांक 5 मार्च 2021)**

प्रथम पुरस्कार– उमा जोशी
द्वितीय पुरस्कार– त्रिरतना
तृतीय पुरस्कार– इकरा खातून
सांत्वना पुरस्कार– आशा एवं काजल

8. **सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका(2020–21)–**

कुमारी प्रियंका सिंह, बीएससी प्रथम वर्ष

इसके अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजू रानी द्वारा छात्राओं के लिए दिनांक 15 अक्टूबर 2020 को विश्व हाथ धुलाई दिवस के उपलक्ष में एक वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्राओं को हाथ धोने के सही तरीके (WHO द्वारा निर्धारित), Tippy Tap बनाने तथा स्वच्छता के विभिन्न उपायों को अपनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजू रानी द्वारा दिया गया। इसके अतिरिक्त कोरोना वायरस संक्रमण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु डिजिटल पोस्टर एवं अपीलों के माध्यम से एक वृहद अभियान चलाया गया, साथ ही समय–समय पर रक्तदान, फिट इंडिया, स्माइल इंडिया अभियान में भी जागरूकता फैलाने हेतु गतिविधियां कराई गई।











राष्ट्रीय सेवा य

# मीडिया कवरेज


MEERUT NEWS 24 LIVE
BREAKING NEWS
Live 24 X 7 Tv


Meerut city
My City
मार्शल आर्ट जरूर सीखें लड़कियां


रोकने के उपाय
Booking Open


MEERUT NEWS 24 LIVE
DAINIK MEERUT NEWS
WhatsApp
SATISH JEWELLERS
Formerly Aditya Jewellers


परिवार के बारे में सोचें


MEERUT NEWS 24 LIVE

BREAKING NEWS

सड़क सुरक्षा पर निकाली रैली

सुरक्षा के अंतर्गत निकाली जन



डॉ मंजू रानी

(सहायक प्रोफेसर– बी0एड0 )

कार्यक्रम अधिकारी